# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

दिनांक- 22.08.2023

### नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाकर दुष्कर्म करने से सम्बन्धित मामले के वांछित अभियुक्त व बाल अपचारी थाना चोलापुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार, अपहृता सकुशल बरामद

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध व अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में, श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 0357/2023 धारा 363/366/376 भा0द0वि0 व ¾ पॉक्सो एक्ट थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त तौसीफ पुत्र स्व0 अलाउद्दीन निवासी ग्राम गडसरा थाना चोलापुर वाराणसी व 16 वर्षीय बाल अपचारी को आज दिनांक 22.08.2023 को समय करीब 11.30 बजे मौसा ढाबा के पास थाना चोलापुर से गिरफ्तार किया गया तथा अपहृता सकुशल बरामद की गयी। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चोलापुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त/ अपचारी का विवरण-**

1. तौसीफ पुत्र स्व0 अलाउद्दीन निवासी ग्राम गड़सरा थाना चोलापुर वाराणसी उम्र करीब 20 वर्ष।
2. एक नफर बाल अपचारी उम्र करीब 16 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण-**

मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित नाबालिग अपहृता/पीड़िता उम्र करीब 17 वर्ष।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. उ0नि0 हरिकृष्ण यादव थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. का0 हिमांशु सिंह थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी
3. म0का0 ज्योति थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त, वरुणा जोन**
**कमिश्नरेट वाराणसी।**

